### एक नजर में

## कांग्रेस नेता को मिली जान से मारने की धमकी

इंदौर. भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच को लेकर विवाद थमता नहीं दिख रहा है. 14 सितंबर को प्रस्तावित एशिया कप मुकाबले का विरोध करने पर कांग्रेस नेता को जान से मारने की धमकी मिली है. सोशल मीडिया और मोबाइल पर धमकियों से डरे नेताओं ने क्राइम ब्रांच को शिकायती आवेदन सौंपते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल और सूचना अधिकार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गिरीश जोशी ने बताया कि वे पाकिस्तान के आतंकी रवैये और भारत में हुए हमलों के विरोध में यह मैच रद्द करने की मांग कर रहे हैं. इसी के चलते दोनों नेताओं को 4 और 5 अगस्त को एक अज्ञात नंबर से मोबाइल पर धमकियां मिलीं. धमकी में न सिर्फ उन्हें जान से मारने की चेतावनी दी गई, बल्कि हाल ही में शहीद हुई 26 बहन-बेटियों के परिवारों पर भी आपत्तिजनक टिप्पणियां की गईं. यहां तक कि उन्हें आग लगाने और पाकिस्तान का नाम दोबारा न लेने की धमकी भी दी गई. कांग्रेस नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर यह मैच रद्द करने की मांग की है. उनका कहना है कि पाकिस्तान की ओर से बार-बार आतंकी हमले किए जाते हैं और ऐसे में उससे खेल संबंध रखना शहीदों का अपमान है. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मैच रद्द नहीं किया गया तो वे 14 सितंबर को आत्मदाह करेंगे. इस मामले में दोनों नेताओं ने इंदौर क्राइम ब्रांच के अधिकारियों राजेश त्रिपाठी और राजेश दंडोतिया को शिकायती आवेदन सौंपा है. नेताओं ने मांग की है कि धमकी देने वाले अज्ञात आरोपी की पहचान कर उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए.

## बम मिलने से मचा हड़कंप, मची अफरा तफरी



महू. शहर के मोतीमहल चौराहे के पास एक नाले की सफाई के दौरान संदिग्ध बम मिलने से हड़कंप मच गया. गुरुवार दोपहर करीब सवा एक बजे छावनी परिषद का सफाई कर्मी विवेक पंडित नाले में जमा मलबे को हटा रहा था. इस दौरान मलबे में एक लोहे का बेलनाकार संदिग्ध वस्तु दिखाई दी. पास से देखने पर बम जैसा दिखने पर सफाई कर्मी ने तुरंत अपने अधिकारियों को सूचना दी. छावनी परिषद के अधिकारियों ने महू कोतवाली पुलिस को मामले की जानकारी दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. जैसे-जैसे लोगों को नाले में बम होने की खबर लगी, मौके पर भीड़ जमा होने लगी. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह बम आर्मी का बताया जा रहा है. जानकारी मिलते ही आर्मी के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे. अभी आर्मी के अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं कि यह किस प्रकार का बम है. अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि बम सक्रिय है या नहीं. यदि बम सक्रिय पाया जाता है तो उसे कहां निष्क्रिय किया जाएगा, इसके लिए आर्मी के अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच रहे हैं.

## मुस्कुराता हुआ दिल बहता हुआ



महू. संगीतकार स्वर्गी मुकेश चौहान के लिए संगीत निशा का आयोजन 8 अगस्त को अंबेडकर नगर महू स्वरांजलि संगीत संस्था के संस्थापक स्वर्गीय मुकेश चौहान के लिए उनके शिष्यों द्वारा एक संगीत निशा का आयोजन चोपड़ा वाटिका स्टेशन रोड पर 8 अगस्त शाम 6 बजे से रखा गया है. उक्त जानकारी संस्था के रवि चौहान ने दी. सभी संगीत प्रेमी के लिए आयोजन खुला है.

## श्रावणी पर्व पर यज्ञ-हवन- प्रवचन व भजन

महू. आर्य समाज द्वारा श्रावणी पर्व के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर यज्ञ, भजन, एवं प्रवचनों के माध्यम से उपस्थित आर्यजनों व पौराणिक लोगों



को यज्ञ के महत्व, सत्संग, वेद, वैदिक ज्ञान, वैदिक संस्कृति, वैदिक सनातन धर्म एवं आर्य समाज की विचारधारा से अवगत कराते हुए यह बताया गया कि आर्य समाज वैदिक संस्कृति एवं सनातन धर्म को ही मानता है. यज्ञ का लाभ यज्ञ करने वाले के साथ-साथ सब प्राणियों, जीव-जंतु, वनस्पति आदि सभी को मिलता है. इसलिए यज्ञ संसार का सर्वश्रेष्ठ कर्म है. श्रावणी पर्व के उपलक्ष में यज्ञ का पहला कार्यक्रम उमरिया कॉलोनी स्थित श्रीवास्तव परिवार में बच्चे के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया. यज्ञ की आचार्या सुनीति शर्मा ने यज्ञ की सुंदर व्याख्या की. दूसरे दिन आर्य रामलाल प्रजापति के निवास स्थान, किशनगंज में यज्ञ का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. आर्य रामलाल प्रजापति, भागीरथ प्रजापति, अशोक प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, विशाल प्रजापति,अमन प्रजापति आदि ने सपत्नीक यज्ञ किया. इस अवसर पर वैदिक प्रवक्ता प्रकाश आर्य ने कहा कि व्यक्ति ही नहीं, प्रत्येक प्राणी सुख चाहता है. सुख का आधार है धर्म और धर्म का आधार है वेद ज्ञान. पाँचवे दिन स्थानीय आर्य वाटिका में मंत्री श्रीधर गोस्वामी की ओर यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ सुनीति शर्मा ने सम्पन्न करवाया.

# श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी ट्रक से भिड़ी, एक की मौत

- इंदौर-खरगोन रोड पर दर्दनाक हादसा, 14 घायल
- प्रदीप मिश्रा की कथा से लौट रहे थे सभी यात्री





नव भारत न्यूज

**इंदौर. कनाड़िया बायपास पर गुरुवार सुबह तड़के एक तेज रफ्तार तूफान वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ गया. टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया. हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 14 अन्य यात्री घायल हुए हैं. इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है. सभी घायलों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया है.**

थाना प्रभारी सहर्ष यादव ने बताया कि हादसा बायपास पर बिचौली मर्दाना ब्रिज के समीप तड़के करीब 4 बजे हुआ. तूफान वाहन में सवार सभी यात्री मध्यप्रदेश के सीहोर में आयोजित पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में शामिल होकर लौट रहे थे. लौटते समय अचानक बायपास पर खड़े एक ट्रक से वाहन टकरा गया. हादसे में खरगोन के इंदिरा नगर निवासी मंटू वर्मा पिता मुन्नालाल वर्मा की जान चली गई. मंटू पढ़ाई के साथ पिता के सब्जी व्यवसाय में भी हाथ बंटाता था. हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई. वहां से गुजर रहे अन्य राहगीरों ने तत्काल पुलिस व



एम्बुलेंस को सूचना दी. कुछ ही देर में कनाड़िया पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकाला. पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ट्रक सड़क किनारे खड़ा था, जिसे चालक ने बिना रिफ्लेक्टर या संकेत के छोड़ दिया था. इसी बीच तेज गति से आ रही तूफान गाड़ी ट्रक से टकरा गई. हादसे में घायल हुए लोगों की पहचान इस प्रकार हुई है, कीर्ति पति संतोष, मोतीपुरा, खरगोन, संदीप पुत्र अमरसिंह, जेतपुरा, गौरव पुत्र बद्रीलाल, इंदिरा नगर, संतोष मोतीलाल, मोहन सिंह पुत्र सखाराम, बासूबाई पति अनराम, विमला बाई पति शंभु सिंह, मन्नु पुत्र काका वर्मा, कंचन कर्मा, विमला बाई पति सुरेश, भगवती बाई पति बंशीलाल, आकाश पुत्र गोपाल, बसु पति बंशीलाल, सक्कूबाई पति मोहन, इनमें से दो घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है जिसके चलते उनका इलाज आईसीयू में किया जा रहा है.

### मामला दर्ज कर जांच शुरू

मामले में थाना प्रभारी का कहना है कि कनाड़िया पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, मृतक मंटू वर्मा का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है. पुलिस यह भी जांच कर रही है कि ट्रक किन परिस्थितियों में सड़क पर खड़ा था और उसमें चेतावनी संकेतक क्यों नहीं लगे थे.

# राजा रघुवंशी हत्याकांड में सोनम-राज की जमानत याचिका खारिज

- शिलांग कोर्ट का फैसला, आरोपियों को नहीं मिली राहत



नव भारत न्यूज

**इंदौर. ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के बहुचर्चित मामले में गिरफ्तार की गई उसकी पत्नी सोनम रघुवंशी और कथित प्रेमी राज कुशवाहा की जमानत याचिका को अदालत ने खारिज कर दिया. दोनों आरोपी पिछले दो महीने से मेघालय की जेल में बंद हैं.**

बचाव पक्ष की ओर से अदालत में यह तर्क दिया गया कि दोनों आरोपी काफी समय से जेल में हैं और पुलिस जांच लगभग पूरी हो चुकी है. लेकिन अभियोजन ने कोर्ट को बताया कि आरोप बेहद संगीन हैं और आरोपियों के खिलाफ जुटाए गए डिजिटल साक्ष्य, कॉल रिकॉर्ड व अन्य सामग्री से यह स्पष्ट है कि वे इस साजिश में सक्रिय भूमिका में थे. कोर्ट ने माना कि फिलहाल आरोपियों को रिहा करना जांच और न्याय दोनों के खिलाफ होगा. इस मामले में एक अन्य आरोपी सिलोम जेम्स को पहले ही अदालत से जमानत मिल चुकी है. उस पर आरोप है कि वारदात के बाद वह सोनम के कमरे से बैग लेकर निकला था, जिसमें पर्स, नकदी, जेवर व अन्य संभावित साक्ष्य थे. सीसीटीवी फुटेज में उसकी गतिविधियां रिकॉर्ड हुई थीं. पुलिस का कहना है कि सिलोम ने जानबूझकर साक्ष्य छिपाने में भूमिका निभाई.

### परिवार ने फैसले को बताया राहत भरा

राजा रघुवंशी के परिजनों ने कोर्ट के इस फैसले पर संतोष जताया है. उनका कहना है कि इससे उन्हें न्याय की उम्मीद और मजबूत हुई है. परिवार की ओर से मांग की जा रही है कि इस पूरे मामले की सुनवाई अब फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जाए ताकि जल्द सजा सुनाई जा सके.

# बच्चा बेचने की सौदेबाज़ी करने वाला गिरोह बेनकाब, 9 गिरफ्तार

- संगठित मानव तस्करी रैकेट का पुलिस ने किया खुलासा
- अन्य दो आरोपी की तलाश कर रही पुलिस



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में एक संगठित मानव तस्करी रैकेट का खुलासा हुआ है, बच्चा गोद देने के नाम पर मासूम की सौदेबाज़ी कर रहे गिरोह को पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ लिया. पूरे रैकेट में 6 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं, जिनमें 9 को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो फरार आरोपियों की तलाश की ज रही है.

आजाद नगर निवासी रितेश व्यास नामक युवक की सतर्कता से इंदौर पुलिस ने मासूम की सौदेबाज़ी कर रहे एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है. रितेश ने इस गिरोह की दो प्रमुख महिला सदस्यों, प्रमिला साहू निवासी मयूर नगर और वंदना मकवाना निवासी टॉवर चौराहा, के संपर्क में आने के बाद पुलिस को सूचना दी थी. करीब छह महीने पहले मूसाखेड़ी चौराहे पर हुई मुलाकात के बाद प्रमिला और वंदना ने खुद को वृद्धजनों की सेवा से जुड़ा बताकर रितेश का भरोसा जीता और बाद में उसे बच्चे गोद दिलवाने की पेशकश की. रितेश को इनकी बातों पर संदेह हुआ, और जब उसे पता चला कि दोनों पूर्व में हीरानगर थाने में बच्चे बेचने के मामले में जेल जा चुकी हैं, तो उसने अपने मित्र के साथ मिलकर पुलिस से संपर्क किया. पुलिस के साथ योजना बनाकर 4 अगस्त को अग्रसेन चौराहे पर बच्चा देने की डील फिक्स की गई. यहां रितेश की मुलाकात आरोपियों द्वारा लाई गई महिला सोनू वेद से कराई गई, जिसकी गोद में करीब डेढ़ माह का नवजात बच्चा था. इसी दौरान पुलिस ने दबिश देकर प्रमिला, वंदना, राजू, प्रिया और सोनू को पकड़ा. पूछताछ में सामने आया कि इस गिरोह ने बच्चे की सौदेबाज़ी 10 लाख में तय की थी, लेकिन जैविक मां सोनू को केवल 4 लाख देने की बात कही गई थी. मूल रूप से गुजरात की निवासी सोनू उज्जैन में रह रही थी और आर्थिक तंगी के चलते वह बच्चे को बेचने को राजी हो गई थी. जांच के दौरान पुलिस को इस गिरोह की जड़ें लुटेरी दुल्हन गैंग से भी जुड़ी मिलीं. आरोपी महिलाओं ने राजस्थान और मध्यप्रदेश के युवकों से शादी का झांसा देकर लाखों की ठगी की थी. इस रैकेट में शामिल महिला पूजा वर्मा घरेलू सहायिका है, जबकि नीलम वर्मा एक आईवीएफ सेंटर में काम करती है. नीलम ने ही मैरिज ब्यूरो संचालिका नीतू शुक्ला और पहले से ठगी के मामले में दर्ज प्रिया माहेश्वरी को इस गिरोह से जोड़ा था. प्रिया ने सोनू से संपर्क साधा और नवजात को बेचने की योजना बनाई.

### 11 आरोपियों की पहचान

मामले में एडिशनल डीसीपी जोन-4 दिशेष अग्रवाल ने बताया कि पूरे मामले में अब तक 11 आरोपियों की पहचान हुई है, जिनमें 6 महिलाएं और 5 पुरुष शामिल हैं. इनमें से 9 को गिरफ्तार कर लिया गया है. एक आरोपी हिरासत में है जिससे पूछताछ जारी है, जबकि एक अन्य की तलाश की जा रही है. सभी पर मानव तस्करी और संगठित अपराध की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर कोर्ट में पेशी की कार्रवाई की जा रही है.

## तलवार और धारदार चाकू के साथ युवक पकड़ा

इंदौर. पलासिया पुलिस ने सुबह एक युवक को गवली चौक पुल के पास तलवार और धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया.

सुबह करीब 7.10 बजे पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर मौके पर पहुंचकर आरोपी रोहन बोरासी उम्र 22 वर्ष, निवासी मकान नंबर 67-68 बड़ी ग्वालटोली, इंदौर को घेराबंदी कर पकड़ा. उसकी तलाशी लेने पर एक लोहे की तलवार और एक खटकेदार लोहे का धारदार चाकू बरामद हुआ. हथियारों को विधिवत पंचनामा बनाकर जब्त कर लिया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और उससे यह पूछताछ की जा रही है कि वह इन हथियारों को कहां और किस उद्देश्य से लेकर जा रहा था.


# मेड के नाम पर आए और लूट ले गए लाखों

- राजस्थान से पकड़े गए दोनों शातिर
- काम के पहले ही दिन घर की अलमारी से निकाले 4.50 लाख

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** पलासिया क्षेत्र में कपड़ा व्यवसायी के घर घरेलू कामकाज के लिए रखे गए युवक-युवती ने महज दो दिन में ही भरोसे का फायदा उठाकर अलमारी से साढ़े चार लाख रुपए चुरा लिए. खास बात यह रही कि दोनों ने काम की शुरुआत सफाई से की और अगली ही सुबह बड़ी चालाकी से अलमारी की चाबी चुराकर नकदी पार कर दी. वारदात को अंजाम देने के बाद युवती ने पेटदर्द का बहाना बनाया और तेज बारिश के बीच पैदल ही साथी के साथ निकल गई. शक तब गहराया जब दोनों के मोबाइल बंद मिले और कुछ दिनों बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए.


पलासिया पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों की पहचान कर टीम को राजस्थान भेजा. एसीपी तुषार सिंह ने बताया कि पुलिस ने उदयपुर से देवीलाल कीर और महिला साथी इंद्रा कीर को गिरफ्तार किया है. पूछताछ में उन्होंने चोरी कबूल की है. दोनों वारदात के बाद सीधे अपने गांव भाग गए थे. पीड़ित परिवार को आरोपियों का सुराग एक कथित जान-पहचान वाले के जरिए मिला था, जिसने खुद को मायके पक्ष का परिचित बताकर युवक-युवती भेजने की बात कही थी. अगले ही दिन दोनों घर पहुंचे और भरोसे में लेकर खुद को मेड के रूप में काम पर रखवा लिया. वारदात के खुलासे में सीसीटीवी फुटेज ने अहम भूमिका निभाई, जिसमें युवती को अलमारी से नकदी निकालते और फिर ताला लगाते देखा गया. पुलिस अब यह भी जांच रही है कि क्या आरोपी किसी गिरोह से जुड़े हैं और इससे पहले भी इस तरह की वारदात कर चुके हैं.



**समस्या** ▶ मामला वार्ड 82 के गुरु शंकर नगर का

# सीवरेज लाइन हो जाती है चोक, चेंबर होते हैं ओवर फ्लो



**इंदौर. करोड़ों खर्च करने का बावजूद आज भी सीवरेज और चेम्बर की समस्या का समाधान नहीं हो सका है, जिसके चलते आम जानता कई तरह की परेशानियों का सामना करती आ रही है. शिकायत होने के बाद भी कोई भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देता.**

हवा बंगला क्षेत्र में पड़ने वाले वार्ड क्रमांक 82 के गुरु शंकर नगर में भी सीवरेज लाइन को लेकर समस्या देखने को मिली है. इस क्षेत्र में अधिकतम लोग मजदूर वर्ग के रहते है. यूं तो गुरु शंकर नगर में कई समस्या देखने को मिली है, उनमें सीवरेज लाइन की समस्या की मुख्य बताई जाती हैं. सड़क किनारे गंदगी और चेंबर से निकलता हुआ सीवरेज लाइन का गंदा पानी क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर फैली गंदगी साफ दर्शाती है कि नगर निगम कर्मियों द्वारा सफाई को लेकर ज़्यादा लापरवाही की जाती आ रही है. बार-बार चेंबर ओवरफ्लो होना और सीवरेज लाइन का चोक होना आम बात को चली है. क्षेत्र की समस्या का निराकरण करने के लिए न तो पार्षद आते हैं. न ही नगर निगम झोन के कर्मचारी-अधिकारी.

### इनका कहना है...



चेंबर की सफाई करने से कुछ नहीं होगा. लाइन की नियमित समय पर साफ सफाई करना चाहिए. इससे चेंबर ओवर फ्लो नहीं होगा और लोगों को इस समस्या से निजात मिल सकेगी.

**- दिनेश गोयल**



पिछले तीन महीने से सीवरेज की समस्या बनी हुई हैं. कितनी ही बार शिकायत की लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया. कोई आकर झाकता नहीं, अब मैं भोपाल शिकायत करूंगा.

**- कमल भावे**



क्षेत्र काफी बड़ा और घना भी है. साफ-सफाई का ध्यान रखना चाहिए जो चेंबर ओवरफ्लो हो रहे हैं जिससे सड़क पर गंदगी तो होती है. साथ ही क्षेत्र में दुर्गंध फैलती है.

**- नंदराम राठौर**

### जल्द निराकरण किया जाएगा



वार्ड 82 में नई सीवरेज लाइन डालने के लिए चौबीस करोड़ का बजट पास हुआ है. सुदामा नगर, गुरु शंकर नगर जैसी और भी कॉलोनियों की सीवरेज लाइन की समस्या का जल्द ही निराकरण हो जाएगा.

**- नितिन शर्मा, पार्षद**